

पुजारा चले, रहाणे फेल

चेतेश्वर ने एक बार अटैकिंग खेल दिखाया और विराट से भी तेजी से रन बटोरे। उनके इस रवैये ने दूसरे छोर पर धीमी बल्लेबाजी कर रहे विराट पर से दबाव थोड़ा कम किया। पुजारा अपने अर्धशतक और टीम तीहरे अंक की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन ऐसा होता इससे पहले यानसेन की एक शानदार गेंद पर पुजारा आउट हो गए। उन्होंने कोहली के साथ 62 रन की साझेदारी की, जो कि भारतीय पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इसमें पुजारा का योगदान 41 रन का रहा। पुजारा अर्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन सकारात्मक खेल के जरिए एकादश में अपनी अहमियत साबित कर दी।

## कप्तान कोहली को नहीं मिला लड़ने वाला पार्टनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केपटाउन। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की पहली पारी 223 रन पर सिमटी, केवल विराट ही अर्धशतकीय पारी खेल सके। यदि विराट ने 201 गेंदों के सामना करते हुए 273 मिनट क्रीज पर नहीं बिताए होते तो भारत के खाते में लड़ने लायक यह टोटल भी नहीं होता। पारी को संवारने में कप्तान का सबसे ज्यादा साथ चेतेश्वर पुजारा (43) ने दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला उल्टा पड़ा गया जब केएल राहुल (35 गेंद में 12 रन) और मयंक अग्रवाल (35 गेंद में 15 रन) की ओपनिंग जोड़ी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रही। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और डुएन ओलिवियर की जोड़ी ने पहले घंटे में परिस्थितियों का अच्छा इस्तेमाल कर क्रमशः मयंक और राहुल को आउट किया। टीम इंडिया ने महज छह गेंद के अंतराल पर अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। क्रीज पर अब चेतेश्वर पुजारा और कप्तान विराट कोहली थे। साउथ अफ्रीका में ये दोनों बल्लेबाज इस टेस्ट से पहले तीन 50 प्लस पार्टनरशिप कर चुके थे।

# एशेज में हार का खामिजाया भुगतेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी

क्रिकेट

## क्रिकेट में सुधार की सिफारिशों की एक सूची कर रहे तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। एशेज की हार का असर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले इंग्लैंड के क्रिकेटरों पर पड़ सकता है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड कथित तौर पर इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी लीग में अपने क्रिकेटरो के भागीदारी को सीमित करने की योजना बना रहा है। जोस बटलर, जानी बेयरस्टो और मोइन अली, सैम कुरेन और क्रिस वोक्स जैसे इंग्लैंड के कई क्रिकेटरों को आइपीएल में शामिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ देश की दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए आराम दिया।

इंग्लैंड 2021 में कीवी टीम से 0–1 से दो टेस्ट मैचों की सीरीज हार गया। द मिरर में बुधवार को टाइम्स के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इसीबी एशेज में हार की गहन समीक्षा कर रहा है। प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स टेस्ट क्रिकेट में सुधार की सिफारिशों की एक सूची तैयार कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड 0–3 से पीछे है। मेहमान टीम को ब्रिस्बेन, एडिलेड और एमसीजी टेस्ट में क्रमशः नौ विकेट, 275 रन और एक पारी और 14 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड की जिमी एंडरसन और स्टुअर्ट ब्राड की आखिरी विकेट की जोड़ी ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चौथा टेस्ट ड्रा करने में कामयाब रही। सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 14 जनवरी को होबार्ट के ब्लंडस्टोन एरिना में शुरू होगा।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ईसीबी आइपीएल में क्रिकेटरों की भागीदारी को श्सिर्फ पहले कुछ हफ्तों तक सीमित रखने की योजना बना रहा है। ईसीबी चिंतित है कि आइपीएल इस साल से लंबी अवधि का होगा क्योंकि टूर्नामेंट में दो और टीमों को जोड़ा गया है, जिससे संख्या 10 हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल संभावना है कि आइपीएल तब जारी रहेगा जब इंग्लैंड में टेस्ट मैच शुरू होंगे। जून की शुरुआत में लार्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट से भिड़ने की संभावना है।

अब तक, केवल बटलर (राजस्थान रायल्स) और मोइन अली (चेन्नई सुपर किंग्स) को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी द्वारा 2022 के लिए रिटेन किया गया है, लेकिन अगले महीने आइपीएल मेगा आक्शन में इंग्लैंड के कई टेस्ट खिलाड़ियों के नाम शामिल होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीलामी में शामिल होने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आइपीएल के कुछ माचों को छोड़ने के लिए कहा जाएगा, ताकि वे न्यूजीलैंड सीरीज शुरू होने से पहले कुछ प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेल सकते हैं।



# साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद इतने मुकाबलों की वनडे सीरीज में खेलेगी। इस सीरीज के लिए 31 दिसंबर 2021 को भारतीय टीम की घोषणा की गई थी। अब इस टीम में बदलाव किया गया है और दो खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला लिया गया। स्पिन आलराउंडर वाशिंग्टन सुंदर को कोरोना संक्रमित होकर बाहर होने की वजह से चयनकर्ताओं ने यह फैसला लिया।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में दो बदलाव किए गए हैं। आलराउंडर जयंत यादव और तेज गेंदबाज नवदीव सैनी को टीम में शामिल किया गया है। सुंदर कोरोना संक्रमित पाए जाने की वजह से पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बैंगलुरू के कैंप में साउथ अफ्रीका के दौरे पर रवाना होने से पहले उनका कोरोना टेस्ट पाजिटिव पाया गया। सुंदर को बुधवार 12 दिसंबर को टीम के बाकी सदस्यों के साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए केपटाउन रवाना होना था। चयनकर्ताओं ने टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह पर नवदीप सैनी को साउथ अफ्रीका भेजने का फैसला लिया है। सिराज जोहान्सबर्ग में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। सुंदर के रिप्लेसमेंट के तौर पर जयंत और सिराज की जगह चयनकर्ताओं ने नवदीप के नाम की घोषणा की है। जयंत इस वक्त साउथ अफ्रीका में ही हैं।

19, 21 और 23 जनवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम को वनडे मुकाबले खेलने हैं। पहले दो मुकाबले पर्ल में खेले जाएंगे जबकि आखिरी मैच केप टाउन में होना है।



## साउथ अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा, यादव ने दिलाई सफलता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केपटाउन में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। तीन मैचों की सीरीज 1–1 से बराबरी पर है। भारत यह मैच जीतकर दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतना चाहता है। पहले दिन पहली पारी में टीम इंडिया 223 रन पर आल आउट हो गई। खबर लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट के नुकसान पर 137 रन बना लिए थे। तेंबा बवूमा और कीगन पीटरसन क्रीज पर। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान डीन एल्गार तीन रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर आउट हुए। तब टीम का स्कोर 10 रन था। दिन का खेल खत्म होने तक दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 17 रन बना लिए थे और पहली पारी के आधार पर 206 रन पीछे थी। एडन मार्कराम आठ और केशव महाराज छह रन बनाकर खेल रहे थे। दूसरे दिन का खेल शुरू होते ही बुमराह ने दूसरी ही गेंद पर मारक्रम को चलता कर दिया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। केशव महाराज को उमेश यादव ने 25 रन पर चलता किया।

## न्यूज डायरी



## आईपीएल 2022 में खेलता दिख सकता है आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** होबर्ट। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में खेलते दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि वह आगामी आइपीएल मेगा आक्शन में अपना नाम देने पर विचार कर रहे हैं। मेगा आक्शन इस साल 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगी। स्टार्क ने आइपीएल में रायल चौलेंजर्स बैंगलोर के लिए 27 मैच खेले हैं, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से आइपीएल में नहीं खेले हैं। स्टार्क ने कहा, मेरे पास अपनी कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए दो दिन का समय है, ताकि प्रशिक्षण से पहले आज कुछ किया जा सके। मैंने अभी अपना नाम नहीं दिया है, लेकिन मेरे पास इस पर फैसला करने के लिए कुछ और दिन हैं। निश्चित रूप से इस पर विचार किया जा है। स्टार्क ने आगे कहा, मैं छह साल या उससे भी ज्यादा समय से इसका हिस्सा नहीं हूं। जाहिर है, पिछले कुछ समय से टी 20 क्रिकेट पर जोर दिया जा रहा है और इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप को भी ध्यान में रखना है।

## अजिंक्य रहाणे को दिया जाएगा एक और मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर जल्दी आउट होने के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में रहाणे ने अर्धशतक जड़ा था। ऐसे में उन्हें हनुमा विहारी पर केपटाउन टेस्ट में तरजीह दी गई, लेकिन उन्होंने निराश किया और कगिसो रबादा की गेंद पर आउट होने से पहले केवल 9 रन बनाए। अब टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ ने संकेत दिए हैं कि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज की टीम से छुट्टी हो सकती है। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि रहाणे को एक और मौका दिया जाएगा। इसके बाद किसी और को मौका देने के बारे में सोचा जाएगा।
प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राठौड़ ने रहाणे को लेकर कहा, अजिंक्य रहाणे अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं, जब वह नेट्स और मैच में बल्लेबाजी कर रहे हैं तो वह वास्तव में अच्छे दिख रहे हैं।

## न्यूजीलैंड के क्रिकेटर काइल जैमीसन पर लगा जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन पर मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ क्राइस्टचर्च में समाप्त दूसरे टेस्ट के दौरान यासिर अली को आउट करने के बाद श्अनुचित भाषाश का इस्तेमाल करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आइसीसी के एक बयान के अनुसार, जैमीसन को आइसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया। यह अनुच्छेद किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में ऐसी भाषा, एक्शन या हावभाव से संबंधित है जो एक बल्लेबाज को आउट होने बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकता है। आइसीसी के अनुसार जैमीसन के रिकार्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट जोड़ा गया है। वह 24 महीने की अवधि में तीसरा उल्लंघन है। इसके साथ ही उनके कुल डिमेरिट प्वाइंट तीन हो गए। जैमीसन ने यासिर अली को आउट करने के बाद अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया।

## भारत–पाकिस्तान साल में एक बार इस टूर्नामेंट में खेलते आ सकते हैं नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2021 में लीग मैच में हराया था और आइसीसी वर्ल्ड कप में पहली बार पाकिस्तान ने भारत पर जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की। बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम ने नौ साल में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफलता हासिल की थी। पाकिस्तान का प्रदर्शन साल 2021 में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा रहा था और अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने कथित तौर पर 2022 में प्रतिष्ठित भारत–पाक प्रतिद्वंद्विता को फिर से शुरू करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।